-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 17.08.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **पुलिस लाइन एवं समस्त थानों में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी । पुलिस लाइन में श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र तथा पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा जनपद के राजपत्रित अधिकारियों के साथ मन्दिर में की गई पूजा-अर्चना ।**

विवरण- पुलिस लाइन बांदा सहित समस्त थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । पुलिस लाइन बांदा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य, गायन आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया । भजन संध्या में भजन गायकों द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए । बाल कलाकारो की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों के मनों को मोह लिया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, मा0 जिला जज बांदा, जिलाधिकारी बांदा, पुलिस अधीक्षक बांदा, मा0 सदर विधायक बांदा तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी और पुलिस परिवारिजन व आमजन उपस्थित रहे । सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री राजेश एस. तथा पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टक, क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार, पुलिस उपाधीक्षक श्री अखिलेश राजन, सीएफओ बांदा श्री मतलूब हुसैन, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक श्री पीयूष पाण्डेय आदि के साथ मन्दिर में पूजा अर्चना की गई । श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मन्दिर प्रांगण **"नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैय्या लाल की"** के जयकारों से गूंज उठा । आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों तथा उनके परिवारिजनों के साथ आमजन उपस्थित रहे ।